रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) से (घ) गुजरात सरकार ने सूरत में बाढ़ के कारण राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनएफसीआर) से 200 करोड़ रु० की सहायता मांगते हुए एक ज्ञापन दिया है। इस ज्ञापन पर विचार किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश में गरीबी रेखा

607. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे**: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उन राज्यों के विकास के लिए कोई व्यापक योजना बनाई है जहां चालीस प्रतिशत लोग गरीबी-रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे हैं;

(ख) क्या उक्त योजना में मध्य प्रदेश को भी शामिल किया गया है जहां आजीविका के संसाधन जुटाने के लिए लोगों को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में किन-किन योजनाओं को शुरू किए जाने का प्रस्ताव है और इस योजना के अंतर्गत प्रति परिवार को कितना लाभ पहुंचेगा?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) से (घ) राज्य के विकास का उत्तरदायित्व मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार का है। तथापि, केन्द्र सरकार विभिन्न केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के माध्यम से राज्य सरकार के प्रयासों को सहायता प्रदान करती है। गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन हेतु ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अनेक केन्द्र प्रायोजित स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं। इन स्कीमों में एकीकृत ग्रामी विकास कार्यक्रम (आईआरडीपी), जवाहर रोजगार योजना (जेआरवाई), रोजगार आश्वासन स्कीम (ईएस) और स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रधान मंत्री की रोजगार योजना (पीएमआरवाई) अशिक्षित, बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। विशेष रूप से सूखा प्रवण क्षेत्रों, मरुस्थल क्षेत्रों, पर्वतीय क्षेत्रों और जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम (डीपीएपी), मरुस्थल विकास कार्यक्रम (डीडीपी) पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम और जनजाति उप-योजना जैसे क्षेत्र विकास कार्यक्रम है।

Fund Allocation for Gokul Gram Yojana

608. SHRI BRAHMAKUMAR BHATT: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have received a proposal from the Government of Gujarat for allocation of funds for the implementation of "GOKUL GRAM YOJANA";

(b) if so, the details of the proposal and the funds allocated to the State Government;

(c) whether Government are planning to enforce the scheme to other states also; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS, THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) and (b) The Government of Gujarat have included the scheme of Kokul Gram Yojana in their Annual Plan 1998-99. The scheme aims at providing basic infrastructure to all the villages within a time frame of five years. Under the Scheme, twelve activities have been identified for this purpose. These include, all weather approach road, drinking water, construction of village ponds with bathing ghats, renovation of existing takns, community latrines, soak pit and soak wells for village cleanliness, building for primary schools, community halls, community work sheds, village afforestation and electrification etc. For the annual plan 1998-99, the State Government have allocated Rs. 15,000 lakhs to cover 10932 villages. During discussion with the Deputy Chairman at the time of finalization of the Annual Plan, Chief Minister rquested for